# दिनांक 29.06.2022 को जिलाधिकारी खीरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 29.06.2022 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (फेस–3) के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1– जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी।
2– मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3– जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
4– प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
5– जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी
6– जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
7– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
8– अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी
9– जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
10– जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
11– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
12– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यों एवं इस योजना से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन (फेज–3) के अन्तर्गत मैसर्स विन्ध्या टेलेलिंक्स लि0 गाजा इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 जे.वी. , क्लव–125 , छठा तल, टावर–ए, प्लाट न0–3,4 एवं 5 , सेक्टर–125, नोयडा (उ0प्र0) द्वारा विरचित 31 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम लखीपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जो जांचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, जिनमें से 21 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

उपरोक्त 21 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, जिसमें 16 नग डी0पी0आर0 में रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत निर्धारित मानक 25 प्रतिशत से अधिक है, जलजीवन मिशन पोर्टल के अनुसार रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत प्रस्तावित वितरण प्रणाली की लागत के 50 प्रतिशत तक अनुमन्य है, परन्तु जिन योजनाओं में रोड कटिंग की मात्रा 25 प्रतिशत से अधिक है उसका स्थलीय सत्यापन आवश्यक है। अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त 16 नग डी0पी0आर0 की रोड कटिंग का सत्यापन जल निगम के सहायक अभियन्ता मो0 इमरान, श्री योगेन्द्र कुमार नीरज एवं जूनियर इंजीनियर श्री पवन किशोर श्रीवास्तव, श्री धनन्जय सिंह एवं श्री दीन प्रभाकर एवं मै0 वी0टी0एल0 फर्म के अभियन्ताओं द्वारा कर ली गयी है जिसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित डी0पी0आर0 में संलग्न है।

29.6.22

उपरोक्त समस्त 21 नग डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 21 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की कार्य कुल लागत (रू0 लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | बांकेगंज | टिहुलिया | 163.678 |
| 2 | बिजुआ | पिपरिया गंगा | 278.128 |
| 3 | बिजुआ | रमुआपुर | 448.353 |
| 4 | बिजुआ | बांसी | 310.529 |
| 5 | कुम्भी गोला | मझिगवां | 168.008 |
| 6 | कुम्भी गोला | सरैंयाविलियम | 314.368 |
| 7 | कुम्भी गोला | गंगापुर ग्रन्ट | 244.235 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | कुम्भी गोला | खरगापुर | 162.558 |
| 9 | कुम्भी गोला | बांसगॉव | 181.683 |
| 10 | लखीमपुर | मन्योरा | 216.32 |
| 11 | नकहा | जमकोहना | 260.375 |
| 12 | नकहा | पिपरा नदीपार | 233.137 |
| 13 | नकहा | सल्हनापुर | 227.372 |
| 14 | नकहा | पथरासुन्धा | 338.079 |
| 15 | नकहा | पतरासी | 295.159 |
| 16 | निघासन | मदनपुर | 302.248 |
| 17 | फूलबेहड़ | जंगल न0 11 | 480.802 |
| 18 | फूलबेहड़ | मुड़ियामिश्र | 300.41 |
| 19 | फूलबेहड़ | चपरतला | 302.236 |
| 20 | रमियांबेहड़ | गौरिया | 326.946 |
| 21 | रमियांबेहड | खैरटिया | 485.556 |

उक्त 21 नग परियोजनाओं के डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति ज़िला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 21 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 (निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर) अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेपित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी ।

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
समिति सचिव

सहायक अभियन्ता
लघुसिंचाई

जिला पंचायत
राज अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

जिला थारू जनजाति के
विकास कार्यो के
परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड
लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना
अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

मुख्य
चिकित्साधिकारी
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी
अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड
प्रथम लखीमपुर
खीरी।

प्रभागीय
वनाधिकारी
लखीमपुर खीरी।

जिला विकास
अधिकारी लखीमपुर
खीरी।

29.6.22
मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर खीरी।
उपाध्यक्ष

29.06.22
जिलाधिकारी
लखीमपुर खीरी।
अध्यक्ष